Toppersnotes®
Unleash the topper in you

# ANM

## Auxiliary Nurse Midwife

Volume - 1

(1st Year)

## Community Health Nursing and Health Promotion

SIERRA INNOVATIONS

# INDEX


| S.N. | Content | P.N. |
|---|---|---|
| 1. | **Community Health Nursing** | |
| | • स्वास्थ्य की अवधारणा (Concept of Health) | 1 |
| | • स्वास्थ्य समस्याएँ और नीतियाँ (Health Problems & Policies) | 8 |
| | • स्वास्थ्य संगठन (Health Organization) | 16 |
| | • समुदाय की संरचना (Structure of Community) | 28 |
| | • समुदाय की गतिशीलता (Dynamics of Community) | 36 |
| | • संचार विधियाँ, मीडिया और स्वास्थ्य शिक्षा (Communication Methods & Media) | 45 |
| 2. | **Nutrition** | |
| | • आवश्यक पोषक तत्व (Essential Nutrients) | 57 |
| | • पोषण सम्बन्धी कमियाँ (Nutritional Deficiencies) | 69 |
| | • पोषण संवर्धन (Promotion of Nutrition) | 82 |
| 3. | **Human Body & Hygiene** | |
| | • मानव शरीर की संरचना और कार्य (Structure and Functions of the Human Body) | 96 |
| | • पाचन तंत्र (Digestive System) | 100 |
| | • श्वसन तंत्र (Respiratory System) | 105 |
| | • हृदय-रक्त परिसंचरण तंत्र (Heart, Blood Vessels & Circulation) | 110 |
| | • तंत्रिका तंत्र (Nervous System) | 116 |
| | • जनन-मूत्र तंत्र (Genito-Urinary System) | 125 |
| | • अंत:स्रावी तंत्र (Endocrine System) | 133 |
| | • पेशी तंत्र एवं अस्थि तंत्र (Muscular & Skeletal System) | 143 |
| | • विशेष ज्ञानेंद्रियाँ (Special Sensory Organs) | 151 |
| | • शरीर की स्वच्छता (Hygiene of the Body) | 162 |
| | • शरीर का इष्टतम कार्य एवं स्वास्थ्य शिक्षा | 172 |
| 4. | **Environmental Sanitation** | |
| | • परिभाषाएँ (Definitions) | 182 |
| | • वायु, सूर्यप्रकाश एवं वेंटिलेशन (Air, Sunlight and Ventilation) | 184 |
| | • सुरक्षित जल (Safe Water) | 187 |
| | • पेयजल का शुद्धिकरण (Purification of Water for Drinking) | 189 |
| | • कुआँ, नलकूप, टंकी एवं तालाब का विसंक्रमण (Disinfection of Well, Tube Well, Tank & Pond) | 193 |
| | • जल-जनित रोग एवं रोकथाम (Waterborne Diseases & Prevention) | |

| | | |
|---|---|---|
| | • मल-मूत्र एवं कचरे का निपटान (Disposal of Excreta & Waste)<br>• शौचालय के प्रकार (Types of Latrine)<br>• कचरे का निपटान एवं खतरे (Methods of Waste Disposal & Hazards due to Waste)<br>• नाली व्यवस्था एवं सोख गड्ढे (Drainage & Preparation of Soak Pits)<br>• स्वस्थ गाँव का वातावरण (Maintaining Healthy Environment Within and Around Village) | 195<br>198<br>200<br>204<br>208<br>210 |
| **5.** | **Mental Health**<br>• मानसिक स्वास्थ्य की अवधारणा (Concept of Mental Health)<br>• कुसमायोजन (Maladjustment)<br>• मानसिक रोग (Mental Illness)<br>• वृद्धावस्था देखभाल (Old Age Care) | <br>218<br>229<br>236<br>250 |

# 1 Community Health Nursing

## अध्याय - 1

## CONCEPT OF HEALTH/स्वास्थ्य की अवधारणा

### 1. स्वास्थ्य क्या है? (What is Health?)

स्वास्थ्य (Health) केवल बीमारी का न होना नहीं है, बल्कि यह शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और आध्यात्मिक रूप से सम्पूर्ण अवस्था है।

**WHO Definition of Health (1948) :**

*"Health is a state of complete physical, mental and social well-being and not merely the absence of disease or infirmity."*

**अर्थात: स्वास्थ्य केवल रोग या दुर्बलता का अभाव नहीं है, बल्कि शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से पूर्ण कुशलता की अवस्था है।**

**WHO की परिभाषा (1984 में संशोधित) :**

1984 में WHO ने परिभाषा में Spiritual (आध्यात्मिक) आयाम को भी जोड़ा। अब स्वास्थ्य = शारीरिक + मानसिक + सामाजिक + आध्यात्मिक कुशलता।

### 2. स्वास्थ्य की बदलती अवधारणाएँ (Changing Concepts of Health)

समय के साथ-साथ स्वास्थ्य की अवधारणा में बदलाव आते रहे हैं। नीचे तालिका में इसे समझाया गया है:

| अवधारणा (Concept) | विवरण (Description) | विशेषताएँ (Features) |
|---|---|---|
| 1. Biomedical Model (जैव-चिकित्सा मॉडल) | स्वास्थ्य = रोग का अभाव। शरीर एक मशीन की तरह है, रोग = मशीन में खराबी। | केवल शारीरिक पहलू<br>मानसिक/सामाजिक उपेक्षित<br>पुरानी/परंपरागत सोच |
| 2. Ecological Model (पारिस्थितिक मॉडल) | Host (मेज़बान) + Agent (रोगकारक) + Environment (वातावरण) के बीच संतुलन = स्वास्थ्य। | त्रिकोण मॉडल<br>Epidemiological Triangle<br>वातावरण का महत्व |
| 3. Psychosocial Model (मनोसामाजिक मॉडल) | मनोवैज्ञानिक और सामाजिक कारक भी स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं। | व्यवहार, तनाव, जीवनशैली<br>सामाजिक संबंध<br>मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण |
| 4. Holistic Model (समग्र मॉडल) | सम्पूर्ण व्यक्ति का स्वास्थ्य– शारीरिक, मानसिक, सामाजिक, आध्यात्मिक, पर्यावरणीय। | WHO 1948/1984 परिभाषा<br>सबसे आधुनिक दृष्टिकोण<br>समग्र देखभाल |

| | | |
|---|---|---|
| 5. Social Model (सामाजिक मॉडल) | स्वास्थ्य सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक कारकों से प्रभावित होता है। | गरीबी, बेरोजगारी<br>सामाजिक न्याय<br>नीति और कानून |

### 3. स्वास्थ्य के आयाम (Dimensions of Health)

स्वास्थ्य के कई आयाम (Dimensions) होते हैं जो मिलकर व्यक्ति को पूर्णतः स्वस्थ बनाते हैं:

| क्र. | आयाम (Dimension) | अर्थ | उदाहरण |
|---|---|---|---|
| 1 | Physical (शारीरिक) | शरीर का सही ढंग से कार्य करना – अंग, ऊतक, कोशिकाएँ ठीक हों। | सामान्य वजन, BP, रक्त शर्करा सामान्य |
| 2 | Mental (मानसिक) | मन की शान्ति, सोचने-समझने की शक्ति, भावनाओं का नियंत्रण। | तनावमुक्त जीवन, सकारात्मक सोच |
| 3 | Social (सामाजिक) | समाज में अच्छे संबंध, परिवार, मित्र, समुदाय के साथ तालमेल। | अच्छे पारिवारिक संबंध, सामाजिक सहयोग |
| 4 | Spiritual (आध्यात्मिक) | जीवन का उद्देश्य, नैतिक मूल्य, आस्था, आंतरिक शांति। | नैतिकता, ईश्वर में आस्था, जीवन-दर्शन |
| 5 | Emotional (भावनात्मक) | भावनाओं को पहचानना, व्यक्त करना और नियंत्रित करना। | खुशी, दुःख, गुस्सा – सही तरीके से व्यक्त करना |
| 6 | Vocational (व्यावसायिक) | काम करने की क्षमता, उत्पादकता, रोजगार। | काम करने में सक्षम होना, आजीविका |
| 7 | Environmental (पर्यावरणीय) | स्वच्छ वातावरण, प्रदूषण-मुक्त, सुरक्षित पानी और हवा। | शुद्ध पेयजल, स्वच्छ वायु, उचित स्वच्छता |

Toppersnotes
Unleash the topper in you

### 4. स्वास्थ्य के निर्धारक (Determinants of Health)

वे सभी कारक जो व्यक्ति के स्वास्थ्य को प्रभावित करते हैं, Determinants of Health कहलाते हैं।

#### A. जैविक कारक (Biological Factors)

- आनुवंशिकता (Heredity/Genetics) – माता-पिता से मिले गुण
- आयु (Age) – बच्चे, बुजुर्ग अधिक असुरक्षित
- लिंग (Sex/Gender) – कुछ रोग लिंग-विशिष्ट
- पोषण की स्थिति (Nutritional Status) – कुपोषण से रोग प्रतिरोधक क्षमता कम
- शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता (Immunity)

#### B. पर्यावरणीय कारक (Environmental Factors)

- भौतिक वातावरण – जलवायु, मौसम, तापमान, प्रदूषण
- जैविक वातावरण – कीटाणु (Bacteria, Virus, Parasite)
- सामाजिक वातावरण – परिवार, समाज, संस्कृति, धर्म
- पेयजल की गुणवत्ता (Water Quality)
- स्वच्छता (Sanitation & Hygiene)

### C. सामाजिक-आर्थिक कारक (Socio-Economic Factors)

- शिक्षा (Education) – शिक्षित व्यक्ति बेहतर स्वास्थ्य निर्णय लेते हैं
- आय/गरीबी (Income/Poverty) – गरीबी → कुपोषण, बीमारी
- रोजगार (Employment)
- आवास (Housing) – भीड़भाड़ → संक्रमण का खतरा
- सामाजिक सुरक्षा (Social Security)

### D. स्वास्थ्य सेवा कारक (Health Services Factors)

- स्वास्थ्य सुविधाओं की उपलब्धता (Availability)
- स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुँच (Accessibility)
- स्वास्थ्य सेवाओं का उपयोग (Utilization)
- ANM, ASHA, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं की भूमिका

### E. व्यवहारगत कारक (Behavioural Factors)

- जीवनशैली (Lifestyle) – खान-पान, व्यायाम, नींद
- धूम्रपान, शराब, नशा (Substance Abuse)
- व्यक्तिगत स्वच्छता (Personal Hygiene)
- यौन व्यवहार (Sexual Behaviour)

| Modifiable Determinants (बदले जा सकते हैं) | Non-Modifiable Determinants (नहीं बदले जा सकते) | ANM की भूमिका |
|---|---|---|
| आहार \| व्यायाम \| धूम्रपान छोड़ना \| स्वच्छता \| शिक्षा | आनुवंशिकता \| आयु \| लिंग \| जातीयता | स्वास्थ्य शिक्षा \| टीकाकरण \| गृह भ्रमण \| परामर्श \| रेफरल |

## 5. प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल (Primary Health Care – PHC)

**Alma-Ata Declaration, 1978 – USSR :**

*"Primary Health Care is essential health care based on practical, scientifically sound and socially acceptable methods and technology made universally accessible to individuals and families in the community."*

**अर्थ: PHC वह बुनियादी स्वास्थ्य देखभाल है जो समुदाय के सभी लोगों तक व्यावहारिक, वैज्ञानिक और सामाजिक रूप से स्वीकार्य तरीकों से पहुँचाई जाती है।**

### A. PHC के घटक (Components of PHC) – 8 Elements

PHC के 8 मुख्य घटक हैं (याद रखें: MEWSCIFE):

| क्र. | घटक (Component) | विवरण |
|---|---|---|
| **M** | Maternal & Child Health (MCH) | माँ और बच्चे की स्वास्थ्य सेवाएँ – प्रसव पूर्व, प्रसव, नवजात देखभाल |
| **E** | Essential Drugs (आवश्यक दवाएँ) | बुनियादी दवाइयाँ सभी को सस्ती और आसानी से मिलें |
| **W** | Water & Sanitation (जल और स्वच्छता) | सुरक्षित पेयजल और शौच की उचित व्यवस्था |
| **S** | Safe Food & Nutrition (पोषण) | पर्याप्त और सुरक्षित भोजन, कुपोषण की रोकथाम |

| | | |
|---|---|---|
| **C** | Communicable Disease Control (संक्रामक रोग) | टीकाकरण, रोग नियंत्रण, महामारी प्रबंधन |
| **I** | Immunization(टीकाकरण) | बच्चों और माताओं का टीकाकरण (UIP) |
| **F** | Family Planning (परिवार नियोजन) | जनसंख्या नियंत्रण, गर्भनिरोधक सेवाएँ |
| **E** | Education for Health (स्वास्थ्य शिक्षा) | समुदाय को स्वास्थ्य जागरूकता देना |

### B. PHC के सिद्धांत (Principles of PHC)

- Equity (समानता) – सभी को समान स्वास्थ्य सेवा
- Community Participation (सामुदायिक भागीदारी) – समुदाय का सहयोग
- Intersectoral Coordination – विभिन्न विभागों का सहयोग
- Appropriate Technology (उचित तकनीक) – सरल, सस्ती और सुलभ
- Health Promotion & Prevention – इलाज से पहले बचाव

### C. PHC का महत्व / Significance

- ग्रामीण और दूर-दराज क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाना
- Health for All by 2000 (Alma Ata का नारा) का लक्ष्य
- जन्म से मृत्यु तक जीवनचक्र स्वास्थ्य देखभाल
- गरीब और पिछड़े वर्गों को स्वास्थ्य सुविधाएँ
- बीमारी की रोकथाम और स्वास्थ्य संवर्धन

### D. भारत में PHC (India)

- भारत में PHC को Sub-Centre (SC), PHC, CHC, District Hospital के माध्यम से लागू किया जाता है
- ANM Sub-Centre स्तर पर PHC की प्रमुख प्रदाता है
- NRHM (2005) और NHM (2013) PHC को मजबूत करने के लिए चलाए गए

## 6. स्वास्थ्य विश्वास, व्यवहार और सांस्कृतिक प्रथाएँ (Health Beliefs, Behaviours and Cultural Practices)

✓ समुदाय के लोगों की स्वास्थ्य संबंधी मान्यताएँ उनके स्वास्थ्य व्यवहार को प्रभावित करती हैं। ANM को इन्हें समझना और उनके अनुसार काम करना चाहिए।

### A. स्वास्थ्य विश्वास मॉडल (Health Belief Model – HBM)

**Health Belief Model क्या है?**

यह मॉडल बताता है कि लोग स्वास्थ्य सेवाएँ क्यों लेते हैं या नहीं लेते। इसे Rosenstock (1966) ने दिया।

| HBM का तत्व | अर्थ |
|---|---|
| Perceived Susceptibility (संवेदनशीलता की अनुभूति) | व्यक्ति को लगता है कि वह बीमार हो सकता है |
| Perceived Severity (गंभीरता की अनुभूति) | बीमारी कितनी गंभीर होगी – इसकी समझ |
| Perceived Benefits (लाभ की अनुभूति) | उपचार या टीके से फायदा होगा – यह विश्वास |

| | |
|---|---|
| Perceived Barriers (बाधाओं की अनुभूति) | इलाज में आने वाली रुकावटें – दूरी, पैसा, समय |
| Cues to Action (कार्य के प्रेरक) | स्वास्थ्य सेवा लेने की प्रेरणा – लक्षण, मीडिया, ANM की सलाह |

**B. सांस्कृतिक प्रथाएँ और स्वास्थ्य (Cultural Practices & Health)**

- **Harmful Cultural Practices (हानिकारक प्रथाएँ):**
  - ☞ बाल विवाह (Child Marriage) → माँ और बच्चे का स्वास्थ्य खतरे में
  - ☞ देवी-देवता पर विश्वास करके इलाज न कराना
  - ☞ प्रसव पारम्परिक दाइयों (TBA) से कराना
  - ☞ जादू-टोना, झाड़-फूँक पर निर्भरता
  - ☞ महिलाओं को पर्याप्त पोषण न देना
- **Beneficial Cultural Practices (लाभकारी प्रथाएँ):**
  - ☞ योग, ध्यान, आयुर्वेद
  - ☞ संयुक्त परिवार में बुजुर्गों की देखभाल
  - ☞ स्वच्छता के धार्मिक नियम

**7. स्वास्थ्य प्रदाताओं की स्वास्थ्य अवधारणा**
**(Health Concepts of Health Care Providers)**

| स्वास्थ्य प्रदाता | स्वास्थ्य की अवधारणा | दृष्टिकोण |
|---|---|---|
| Doctor / Physician | Biomedical + Holistic | रोग निदान और उपचार (Curative) |
| Nurse / ANM | Holistic Model | देखभाल, शिक्षा, रोकथाम, पुनर्वास |
| ASHA/Community Health Worker | Community Based | समुदाय से जोड़ना, जागरूकता |
| Traditional Healers (झोलाछाप/वैद्य) | Supernatural/Herbal | जड़ी-बूटी, आस्था उपचार |

**8. सामुदायिक प्रथाओं से संबंधित नैतिकता और व्यवहार**
**(Ethics and Behaviour Related to Community Practices)**

✓ **ANM के लिए नैतिक सिद्धांत (Ethical Principles for ANM):**

- Beneficence (लाभकारिता) – हमेशा मरीज के भले के लिए काम करें
- Non-Maleficence (अहानि) – कोई नुकसान न पहुँचाएँ
- Autonomy (स्वायत्तता) – मरीज का निर्णय मानें, जबरदस्ती न करें
- Justice (न्याय) – सभी के साथ समान व्यवहार, बिना भेदभाव
- Confidentiality (गोपनीयता) – मरीज की जानकारी गुप्त रखें
- Accountability (जवाबदेही) – अपने कार्यों के लिए जिम्मेदार रहें

✓ **Code of Ethics for ANM:**

✓ **ANM का आचार संहिता (Code of Ethics)**

- समुदाय के सभी लोगों के साथ सम्मानजनक व्यवहार करें
- जाति, धर्म, लिंग के आधार पर भेदभाव न करें
- मरीज की सूचना गोपनीय रखें

- वैज्ञानिक ज्ञान के आधार पर सेवाएँ प्रदान करें
- स्वयं की देखभाल और प्रशिक्षण जारी रखें
- स्वास्थ्य टीम के साथ सहयोगपूर्वक कार्य करें
- समुदाय को सशक्त बनाएँ, उनके अधिकार बताएँ

## 9. गृह भ्रमण की विधि (Method of Home Visiting)

**Home Visit क्या है?**

जब ANM/स्वास्थ्य कार्यकर्ता व्यक्ति के घर जाकर स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करती हैं, तो इसे Home Visit (गृह भ्रमण) कहते हैं। यह PHC का महत्वपूर्ण अंग है।

### A. Home Visit के उद्देश्य (Objectives):

- गर्भवती और नवजात शिशु की देखभाल
- टीकाकरण सुनिश्चित करना
- दवाई का अनुपालन (Medication Compliance) जाँचना
- स्वास्थ्य शिक्षा देना
- परिवार नियोजन परामर्श
- रोग की शुरुआती पहचान

### B. Home Visit की प्रक्रिया / Steps:

| चरण | चरण का नाम | क्या करें? |
|---|---|---|
| 1 | Planning (योजना) | उद्देश्य, परिवार की जानकारी, आवश्यक सामग्री तैयार करें |
| 2 | Pre-visit Preparation (भ्रमण पूर्व तैयारी) | रिकॉर्ड देखें, किट जाँचें, समय तय करें |
| 3 | Introduction (परिचय) | परिवार से अच्छे से मिलें, विश्वास बनाएँ |
| 4 | Assessment (मूल्यांकन) | स्वास्थ्य स्थिति का आकलन, समस्याएँ पहचानें |
| 5 | Implementation (क्रियान्वयन) | स्वास्थ्य शिक्षा, देखभाल, टीकाकरण, दवाई |
| 6 | Recording (अभिलेखन) | सभी जानकारी Family Register में लिखें |
| 7 | Post-visit (भ्रमण के बाद) | Follow-up तय करें, रिपोर्ट बनाएँ |

### C. Home Visit की विशेषताएँ (Characteristics):

- नियमित (Regular) – प्रत्येक परिवार को तय समय पर
- व्यापक (Comprehensive) – सभी स्वास्थ्य पहलुओं को देखना
- व्यक्तिगत (Individualized) – परिवार की जरूरत के अनुसार
- गोपनीय (Confidential) – परिवार की जानकारी गुप्त

## 10. महत्वपूर्ण परिभाषाएँ (Important Definitions)

| शब्द (Term) | परिभाषा (Definition) |
|---|---|
| Community Health | समुदाय के सभी लोगों के स्वास्थ्य की रक्षा, संवर्धन और पुनर्स्थापना – व्यक्तिगत नहीं, सामूहिक स्तर पर। |
| Public Health | WHO: 'Art and Science of preventing disease, prolonging life and promoting health through organised community effort.' |

| | |
|---|---|
| Preventive Medicine | रोगों की रोकथाम के लिए चिकित्सा उपाय – प्राथमिक, द्वितीयक, तृतीयक। |
| Disease Prevention | रोग होने से पहले उसे रोकना (Primary), बढ़ने से रोकना (Secondary), जटिलता से बचाना (Tertiary)। |
| Health Promotion | लोगों को अपने स्वास्थ्य का नियंत्रण बढ़ाने में सक्षम बनाना (Ottawa Charter, 1986)। |
| Well-being | शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से अच्छी अवस्था – सकारात्मक स्वास्थ्य। |

**11. रोग निवारण के स्तर (Levels of Prevention)**

| **स्तर** | **उपाय** | **ANM की भूमिका** |
|---|---|---|
| Primary Prevention (प्राथमिक निवारण) रोग होने से पहले | टीकाकरण, स्वास्थ्य शिक्षा, पोषण, स्वच्छता | टीका लगाना, स्वास्थ्य शिक्षा देना, पोषण परामर्श |
| Secondary Prevention (द्वितीयक निवारण) रोग की शुरुआत में | Early Diagnosis, Screening, Treatment – रोग की जल्दी पहचान | Screening camps, रेफरल, दवाई वितरण |
| Tertiary Prevention (तृतीयक निवारण) रोग के बाद | Rehabilitation – विकलांगता कम करना, सामान्य जीवन में वापस लाना | Rehabilitation support, Community-based care |

**NURSING BOOSTER POINTS :**

**(ANM Competitive Exam के लिए महत्वपूर्ण)**

**1.** WHO की परिभाषा (1948): स्वास्थ्य= Physical+ Mental+ Social Well-being– रोग का केवल अभाव नहीं।

**2.** WHO 1984 में Spiritual (आध्यात्मिक) आयाम जोड़ा गया।

**3.** Alma-Ata Declaration – 1978, USSR में हुई। नारा: 'Health for All by 2000 AD'।

**4.** PHC के 8 घटक याद करें: MCH, Essential Drugs, Water & Sanitation, Nutrition, Communicable Disease Control, Immunization, Family Planning, Health Education।

**5.** Health Belief Model (HBM) – Rosenstock (1966) ने दिया।

**6.** Biomedical Model – स्वास्थ्य = रोग का अभाव (सबसे पुराना मॉडल)।

**7.** Ecological Model – Host + Agent + Environment का त्रिकोण (Epidemiological Triangle)।

**8.** Holistic Model – सबसे आधुनिक और व्यापक मॉडल; WHO परिभाषा आधारित।

**9.** Primary Prevention = Vaccination, Health Education | Secondary = Screening, Early Treatment | Tertiary = Rehabilitation।

**10.** ANM Home Visit के 7 चरण: Planning → Preparation → Introduction → Assessment → Implementation → Recording → Post-visit।

**11.** Ethics के 4 सिद्धांत: Beneficence, Non-Maleficence, Autonomy, Justice।

**12.** स्वास्थ्य के 7 Dimensions: Physical, Mental, Social, Spiritual, Emotional, Vocational, Environmental।

**13.** Health Promotion – Ottawa Charter, 1986 में परिभाषित किया गया।

**14.** NHM (National Health Mission) – 2013 में शुरू, NRHM (2005) + NUHM को मिलाकर बना।

**15.** PHC भारत में SC → PHC → CHC → District Hospital के माध्यम से लागू होती है।

**Quick Revision Chart – एक नज़र में :-**

| **महत्वपूर्ण तथ्य :** | **उत्तर :** |
|---|---|
| **WHO की स्थापना** | 7 April 1948 (World Health Day = 7 April) |
| Alma-Ata Declaration वर्ष | 1978 |
| PHC के घटकों की संख्या | 8 (आठ) |
| Health Belief Model – किसने दिया? | Rosenstock, 1966 |
| Ottawa Charter – किस लिए? | Health Promotion, 1986 |
| स्वास्थ्य के Dimensions की संख्या | 7 (सात) |
| Primary Prevention का उदाहरण | टीकाकरण (Vaccination) |
| Tertiary Prevention का उदाहरण | Rehabilitation (पुनर्वास) |
| ANM Full Form | Auxiliary Nurse Midwife |
| Sub-Centre पर ANM की भूमिका | PHC की प्रथम संपर्क सेवाप्रदाता |

# अध्याय 2
# HEALTH PROBLEMS & POLICIES/स्वास्थ्य समस्याएँ और नीतियाँ

**"National Health Programs | Field Visits | Health Policies of India"**

**1. भारत में स्वास्थ्य समस्याओं का अवलोकन (Overview of Health Problems in India)**

भारत एक विकासशील देश है जहाँ विभिन्न प्रकार की स्वास्थ्य समस्याएँ मौजूद हैं। इन्हें मुख्यतः तीन श्रेणियों में बाँटा जाता है:

| **श्रेणी** | **समस्याएँ** | **प्रभावित वर्ग** |
|---|---|---|
| Communicable Diseases (संक्रामक रोग) | TB, Malaria, Dengue, HIV/AIDS, Cholera, Typhoid, Leprosy, Filaria | सभी, विशेषकर गरीब व ग्रामीण |
| Non-Communicable Diseases (NCD) (असंक्रामक रोग) | Diabetes, Hypertension, Cancer, Heart Disease, Stroke, COPD | 35+ आयु वर्ग, शहरी जनसंख्या |
| Nutritional Problems (पोषण संबंधी समस्याएँ) | Malnutrition, Anaemia, Vitamin A Deficiency, Iodine Deficiency (Goitre), Rickets | महिलाएँ, बच्चे, गर्भवती |
| Maternal & Child Health Problems | Maternal Mortality (MMR), Infant Mortality (IMR), Malnutrition, Low Birth Weight | माँ और 0-5 वर्ष के बच्चे |
| Mental Health Problems (मानसिक स्वास्थ्य) | Depression, Anxiety, Substance Abuse, Schizophrenia | युवा व वयस्क |
| Environmental Health Problems | Water Pollution, Air Pollution, Sanitation, Vector-Borne Diseases | ग्रामीण व झुग्गी-झोपड़ी |

### A. प्रमुख स्वास्थ्य संकेतक (Key Health Indicators of India)

| संकेतक (Indicator) | परिभाषा | भारत की स्थिति (approx.) |
|---|---|---|
| MMR (Maternal Mortality Rate) | प्रति 1,00,000 जीवित जन्मों पर माताओं की मृत्यु | ~97 (NFHS-5, 2019-21) |
| IMR (Infant Mortality Rate) | प्रति 1,000 जीवित जन्मों पर 1 वर्ष से कम आयु में मृत्यु | ~28 (SRS 2020) |
| U5MR (Under-5 Mortality Rate) | प्रति 1,000 जीवित जन्मों पर 5 वर्ष से कम मृत्यु | ~32 |
| TFR (Total Fertility Rate) | एक महिला द्वारा जीवनकाल में जन्मे बच्चों की औसत संख्या | ~2.0 (NFHS-5) |
| Life Expectancy (जीवन प्रत्याशा) | जन्म के समय अपेक्षित आयु | ~69.4 वर्ष |
| Malnutrition (Stunting) | 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों में stunting | ~35.5% (NFHS-5) |
| Anaemia in Women | 15-49 वर्ष की महिलाओं में anaemia | ~57% (NFHS-5) |

## 2. राष्ट्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कार्यक्रम (National Health & Family Welfare Programs)

भारत सरकार ने जनस्वास्थ्य सुधार के लिए अनेक राष्ट्रीय कार्यक्रम चलाए हैं। ANM इन सभी कार्यक्रमों की field-level कार्यकर्ता है।

**National Health Mission (NHM) – 2013**

**NHM** = NRHM (National Rural Health Mission, 2005) + NUHM (National Urban Health Mission, 2013)

उद्देश्य: ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में सुलभ, वहनीय और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करना।

**प्रमुख राष्ट्रीय कार्यक्रम (Major National Health Programs):**

| कार्यक्रम (Program) | वर्ष | उद्देश्य | ANM की भूमिका |
|---|---|---|---|
| Reproductive Child Health (RCH) | 1997 | माँ-बच्चे की स्वास्थ्य सेवाएँ | ANC, PNC, Immunization, Delivery |
| Universal Immunization Program (UIP) | 1985 | बच्चों को 12 रोगों से टीके | टीकाकरण, Cold Chain, रिकॉर्ड |
| Janani Suraksha Yojana (JSY) | 2005 | संस्थागत प्रसव को बढ़ावा | ASHA से समन्वय, ANC, रेफरल |
| JSSK (Janani Shishu Suraksha Karyakram) | 2011 | गर्भवती व नवजात को मुफ्त सेवाएँ | Free delivery, drugs, diagnostics |
| Pradhan Mantri Surakshit Matritva Abhiyan (PMSMA) | 2016 | हर महीने 9 तारीख – ANC camp | ANC जाँच, BP, hemoglobin |
| POSHAN Abhiyaan (Mission Poshan 2.0) | 2018 | कुपोषण उन्मूलन | Weight monitoring, SAM referral |

| | | | |
|---|---|---|---|
| Revised National TB Program (RNTCP/NTEP) | 1997/2020 | TB उन्मूलन (2025 तक) | Sputum collection, DOTs therapy |
| National Vector Borne Disease Control Program (NVBDCP) | 2003 | Malaria, Dengue, Filaria नियंत्रण | Blood slide, Bed Net वितरण |
| National Leprosy Eradication Program (NLEP) | 1983 | कुष्ठ रोग उन्मूलन | Case detection, MDT |
| National AIDS Control Program (NACP) | 1987 | HIV/AIDS नियंत्रण | Counseling, PPTCT, Safe delivery |
| National Mental Health Program (NMHP) | 1982 | मानसिक स्वास्थ्य सेवाएँ | Referral, awareness |
| Ayushman Bharat – PM-JAY | 2018 | 5 लाख तक मुफ्त इलाज (गरीब परिवार) | Card बनवाना, रेफरल |
| Mission Indradhanush | 2014 | 2 वर्ष से कम बच्चों का पूर्ण टीकाकरण | टीकाकरण sessions |
| National Blindness Control Program (NPCB) | 1976 | अंधेपन की रोकथाम | Eye camp, Vit A supplementation |
| National Iodine Deficiency Disorders Control | 1962 | IDD/Goitre नियंत्रण | Iodized salt प्रचार |

3. **महत्वपूर्ण कार्यक्रमों का विस्तृत विवरण**

### A. Universal Immunization Program (UIP) – टीकाकरण कार्यक्रम

**UIP क्या है?**
1985 में शुरू। 0-5 वर्ष के बच्चों और गर्भवती महिलाओं को मुफ्त टीके देना। WHO/UNICEF के सहयोग से।

| टीका (Vaccine) | रोग (Disease) | कब दिया जाता है? |
|---|---|---|
| BCG | Tuberculosis (TB) | जन्म के समय |
| OPV (Oral Polio Vaccine) | Poliomyelitis | जन्म, 6, 10, 14 सप्ताह, Booster |
| Hepatitis B | Hepatitis B | जन्म के 24 घंटे में, 6, 10, 14 सप्ताह |
| DPT (Pentavalent) | Diphtheria, Pertussis, Tetanus + HiB + Hep B | 6, 10, 14 सप्ताह, Booster |
| IPV (Injectable Polio) | Polio | 6, 14 सप्ताह |
| Rotavirus | Diarrhoea | 6, 10, 14 सप्ताह |
| PCV (Pneumococcal) | Pneumonia | 6, 14 सप्ताह, Booster |
| Measles-Rubella (MR) | Measles + Rubella | 9-12 माह, 16-24 माह |
| JE (Japanese Encephalitis) | Japanese Encephalitis | 9-12 माह (endemic areas) |
| TT/Td (Tetanus) | Tetanus | गर्भवती – TT1, TT2 / Booster |
| Vitamin A | Vitamin A Deficiency | 9 माह से 5 वर्ष तक – हर 6 माह |

**Cold Chain (शीत श्रृंखला):**

टीकों को सुरक्षित रखने के लिए 2°C से 8°C तापमान बनाए रखना Cold Chain कहलाता है। ANM ILR (Ice Lined Refrigerator) और Deep Freezer का उपयोग करती है। VVM (Vaccine Vial Monitor) टीके की गुणवत्ता बताता है।

### B. Janani Suraksha Yojana (JSY)

| **विवरण** | **ग्रामीण (Rural)** | **शहरी (Urban)** |
|---|---|---|
| BPL महिला – वित्तीय सहायता | ₹1400 | ₹1000 |
| ASHA को प्रोत्साहन | ₹600 | ₹400 |
| लाभार्थी | BPL, SC/ST, 19+ वर्ष, 2 तक बच्चे | BPL परिवार |
| उद्देश्य | संस्थागत प्रसव बढ़ाना, MMR घटाना | ASHA की मदद से सुरक्षित प्रसव |

### C. Revised National Tuberculosis Control Program (RNTCP) / NTEP

RNTCP को 2020 में National Tuberculosis Elimination Program (NTEP) नाम दिया गया। लक्ष्य: 2025 तक TB मुक्त भारत।

- DOTS (Directly Observed Treatment Short course)– ANM मरीज को दवाई खिलाते हुए देखती है
- Nikshay Portal – TB मरीजों का online registration
- Nikshay Poshan Yojana – TB मरीज को ₹500/माह पोषण सहायता
- BCG टीका – TB से शिशुओं की प्राथमिक सुरक्षा
- Sputum Examination – 2 सप्ताह से अधिक खाँसी → TB जाँच अनिवार्य

### D. National Vector Borne Disease Control Program (NVBDCP)

| **रोग** | **वेक्टर (Carrier)** | **रोकथाम** | **ANM की भूमिका** |
|---|---|---|---|
| Malaria (मलेरिया) | Anopheles Mosquito (मादा) | Bed Net, DDT Spray, Larval control | Blood slide लेना, Chloroquine देना |
| Dengue (डेंगू) | Aedes Mosquito (दिन में काटती है) | पानी जमा न होने दें, cooler साफ रखें | Awareness, रेफरल |
| Filaria (फाइलेरिया) | Culex Mosquito (रात में) | DEC tablet, Mosquito net | MDA (Mass Drug Administration) |
| Chikungunya | Aedes Mosquito | Source reduction | Symptomatic care, रेफरल |
| Japanese Encephalitis | Culex Mosquito | JE Vaccine | टीकाकरण, case detection |
| Kala-azar (Leishmania) | Sandfly | DDT Spray, Bed Net | Early case detection, रेफरल |

### E. Ayushman Bharat – Pradhan Mantri Jan Arogya Yojana (PM-JAY)

**PM-JAY क्या है? (2018)**

विश्व की सबसे बड़ी सरकारी स्वास्थ्य बीमा योजना। प्रति परिवार ₹5 लाख/वर्ष का मुफ्त इलाज। 10.74 करोड़ गरीब परिवारों को लाभ। Secondary और Tertiary care hospitals में सेवाएँ। Cashless और Paperless इलाज।

## 4. Field Visits – क्षेत्र भ्रमण

ANM की training में field visits अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इनसे practical knowledge मिलती है।

### A. Village Visit – ग्राम भ्रमण

| उद्देश्य | क्या देखें / सीखें? |
|---|---|
| स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान | गाँव की सामाजिक, आर्थिक, स्वास्थ्य स्थिति |
| समुदाय की जरूरतों का आकलन | पीने के पानी का स्रोत, शौचालय, कुपोषण |
| स्वास्थ्य संसाधनों की पहचान | ASHA, AWW, Gram Pradhan, SHG |
| ANM के field कार्य को समझना | Home Visit, टीकाकरण, ANC record |
| सांस्कृतिक एवं सामाजिक कारक | रीति-रिवाज, स्वास्थ्य विश्वास, बाधाएँ |

### B. Sub Centre (SC) Visit – उप-केन्द्र भ्रमण

**Sub Centre क्या है?**

Sub Centre स्वास्थ्य प्रणाली का सबसे निचला स्तर है। यहाँ ANM (Auxiliary Nurse Midwife) प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करती है। Population norm: मैदानी क्षेत्र – 5,000 / पहाड़ी/जनजातीय – 3,000।

**SC Visit में क्या देखें:**

- SC का physical structure – room, equipment, medicines
- ANM के records – Family Register, Immunization Register, ANC Register
- Drug Kit – Essential medicines की उपलब्धता
- Cold Chain equipment – ILR, Deep Freezer, VVM
- ANM की daily activities – OPD, Home Visit, Camp
- Community linkages – ASHA, AWW, Gram Panchayat

ToppersNotes
Unleash the topper in you

### C. PHC (Primary Health Centre) Visit

**PHC क्या है?**

PHC स्वास्थ्य प्रणाली की दूसरी परत है। Population norm: मैदानी – 30,000 / पहाड़ी – 20,000। एक MO (Medical Officer) + 14 staff। यहाँ OPD, Indoor (6 beds), Lab, Delivery सेवाएँ मिलती हैं।

**PHC Visit में क्या देखें:**

- OPD – daily patient load, common diseases
- Labour Room – delivery, partograph, newborn care
- Laboratory – Hb, blood sugar, malaria, urine test
- Pharmacy – drug dispensing, essential medicines list
- Immunization session – cold chain, recording
- MCH clinic – ANC, growth monitoring, counseling
- Health records – registers, reports, MIS

## D. Community Health Centre (CHC) Visit

| |
|---|
| **CHC क्या है?**<br>CHC एक First Referral Unit (FRU) है। Population norm: 1,20,000 (मैदानी)। 4 Specialists (Surgeon, Physician, Gynaecologist, Paediatrician) + 30 beds। Emergency, Operation Theatre, Blood Bank सुविधा। |

- Operation Theatre – surgeries, EmOC (Emergency Obstetric Care)
- Blood Bank / Storage – safe blood transfusion
- Specialist OPD – Surgery, Medicine, OBG, Paediatrics
- ICU / HDU – critical care
- Referral System – PHC से CHC, CHC से District

**SC, PHC, CHC – तुलनात्मक तालिका (Comparison Chart) :**

| **विशेषता** | **Sub Centre (SC)** | **PHC** | **CHC** |
|---|---|---|---|
| Population (मैदानी) | 5,000 | 30,000 | 1,20,000 |
| Population (पहाड़ी/जनजातीय) | 3,000 | 20,000 | 80,000 |
| Staff | 1 ANM + 1 MPW | 1 MO + 14 staff | 4 Specialists + 21 staff |
| Beds | कोई नहीं | 6 beds | 30 beds |
| Services | Primary, Preventive | Curative + Preventive | Specialist + Emergency |
| Head/Incharge | ANM | Medical Officer | Specialist Doctor |
| Level | Peripheral | First Contact | First Referral Unit (FRU) |

## 5. भारत की प्रमुख स्वास्थ्य नीतियाँ (Health Policies of India)

| **नीति / Policy** | **वर्ष** | **मुख्य उद्देश्य** |
|---|---|---|
| National Health Policy (NHP) | 1983, 2002, 2017 | सबको स्वास्थ्य सेवाएँ, Universal Health Coverage |
| National Population Policy (NPP) | 2000 | TFR 2.1 तक लाना, परिवार नियोजन |
| National Nutrition Policy | 1993 | कुपोषण उन्मूलन, महिला-बच्चे का पोषण |
| Drugs Policy | 2012 | जरूरी दवाएँ सस्ती और सुलभ |
| Mental Health Policy | 2014 | मानसिक स्वास्थ्य देखभाल सबको |
| National Health Policy 2017 | 2017 | Health & Wellness Centres, Preventive focus, 2.5% GDP on Health |
| Reproductive & Child Health Policy | 1997, 2005 | MMR, IMR घटाना, Safe Motherhood |

Toppers Notes Unleash the topper in you

**National Health Policy 2017 की मुख्य बातें:**

**लक्ष्य:** Universal Health Coverage। GDP का 2.5% स्वास्थ्य पर खर्च। Health & Wellness Centres (HWC) – 1.5 लाख SC को upgrade। Comprehensive Primary Health Care। Digital Health – e-Health, Telemedicine। AYUSH integration।

## 6. राष्ट्रीय कार्यक्रमों में ANM की भूमिका

✓ **ANM के मुख्य कार्य – National Programs में**

- UIP – टीकाकरण sessions आयोजित करना, Cold Chain maintain करना
- ANC (Antenatal Care) – गर्भवती महिलाओं की जाँच, TT, Iron, Folic Acid
- Institutional Delivery – JSY/JSSK के तहत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित करना
- PNC (Postnatal Care) – प्रसव के बाद माँ और नवजात की देखभाल
- DOTS – TB मरीज को दवाई खिलाना (Directly Observed Treatment)
- NVBDCP – Blood slide लेना, bed net वितरण, awareness
- Family Planning – गर्भनिरोधक सेवाएँ, परामर्श
- HMIS Reporting – Health Management Information System में data भेजना
- Home Visits – कमजोर परिवारों की नियमित घर भ्रमण
- VHSNC (Village Health, Sanitation & Nutrition Committee)– ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य समिति

## 7. रेफरल प्रणाली (Referral System)

✓ रेफरल प्रणाली वह तंत्र है जिसके द्वारा मरीज को निचले स्तर से उच्च स्तर की स्वास्थ्य सुविधा तक भेजा जाता है।

**Referral Chain (रेफरल श्रृंखला)**

Community/Home → Sub Centre (ANM) → PHC → CHC (FRU) → District Hospital → Medical College

*ANM यहाँ प्रथम re.ferral link है – वह तय करती है कि मरीज को आगे भेजना है या नहीं।*

**ANM कब refer करती है? (When to Refer):**

✓ Danger Signs in Pregnancy – severe bleeding, fits, obstructed labour
✓ High Risk Pregnancy – twins, hypertension, anaemia, abnormal position
✓ Sick Newborn – not breathing, fever, jaundice, low weight
✓ Severely Malnourished Child (SAM) – MUAC < 11.5 cm
✓ TB – suspected case, treatment failure
✓ Surgical emergencies – burns, fractures, accidents

## 8. Quick Revision – एक नज़र में

| महत्वपूर्ण प्रश्न | उत्तर |
|---|---|
| UIP कब शुरू हुआ? | 1985 |
| NHM कब शुरू हुआ? | 2013 (NRHM 2005 + NUHM) |

| | |
|---|---|
| JSY में BPL ग्रामीण महिला को कितना मिलता है? | ₹1400 |
| NTEP का पूर्ण नाम? | National Tuberculosis Elimination Program (2020) |
| DOTS का अर्थ? | Directly Observed Treatment Short course |
| PHC में कितने beds होते हैं? | 6 beds |
| CHC किसका FRU है? | First Referral Unit |
| Mission Indradhanush कब शुरू? | 2014 |
| PM-JAY में कितनी राशि का बीमा? | ₹5 लाख प्रति परिवार/वर्ष |
| Malaria का vector कौन सा मच्छर है? | Anopheles मादा मच्छर |
| Dengue का vector? | Aedes Mosquito (दिन में काटती है) |
| SC में population norm (मैदानी)? | 5,000 |
| Cold Chain temperature? | 2°C से 8°C |
| MMR full form? | Maternal Mortality Rate |
| IMR full form? | Infant Mortality Rate |

**NURSING BOOSTER POINTS :**

**(ANM Competitive Exam के लिए अति महत्वपूर्ण)**

**1.** UIP – 1985 में शुरू, 12 vaccine-preventable diseases को cover करता है।

**2.** NHM = NRHM (2005) + NUHM (2013) → मिलकर 2013 में NHM बना।

**3.** JSY – BPL ग्रामीण महिला को ₹1400, ASHA को ₹600 प्रोत्साहन।

**4.** JSSK (2011) – गर्भवती और नवजात को FREE delivery, drugs, diagnostics।

**5.** NTEP (National TB Elimination Program) – 2025 तक TB मुक्त भारत लक्ष्य।

**6.** DOTS – ANM मरीज के सामने दवाई खिलाती है। Nikshay Poshan – ₹500/माह।

**7.** Sub Centre – 5,000 जनसंख्या (मैदान), ANM + MPW स्टाफ, कोई bed नहीं।

**8.** PHC – 30,000 जनसंख्या, 1 MO + 14 staff, 6 beds, First Contact Care।

**9.** CHC – 1,20,000 जनसंख्या, 4 Specialists, 30 beds, FRU (First Referral Unit)।

**10.** Malaria – Anopheles मादा | Dengue – Aedes (दिन में) | Filaria – Culex (रात)।

**11.** Cold Chain – 2°C से 8°C तापमान, ILR में vaccine store, VVM से quality check।

**12.** Mission Indradhanush (2014) – 2 वर्ष से कम बच्चों का पूर्ण टीकाकरण अभियान।

**13.** Ayushman Bharat PM-JAY (2018) – ₹5 लाख/वर्ष, 10.74 करोड़ परिवार, विश्व की सबसे बड़ी सरकारी health scheme।

**14.** NHP 2017 – GDP का 2.5% स्वास्थ्य पर, 1.5 लाख Health & Wellness Centres।

**15.** PMSMA – हर महीने 9 तारीख को ANC camp, Pradhan Mantri Surakshit Matritva Abhiyan (2016)।

# अध्याय 3

# HEALTH ORGANIZATION/स्वास्थ्य संगठन

**"SC | PHC |CHC | District Hospital | International & National Health Agencies"**

## 1. स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली के स्तर (Levels of Health Care Delivery System)

भारत में स्वास्थ्य सेवाएँ विभिन्न स्तरों पर प्रदान की जाती हैं। यह एक सोपानक्रम (Hierarchical) प्रणाली है:




## 2. उप-केन्द्र का संगठन (Organization of Sub Centre – SC)

**Sub Centre – परिचय**

- ✓ स्वास्थ्य प्रणाली की सबसे निचली (परिधीय) इकाई – First point of contact
- ✓ Population Norm: मैदानी क्षेत्र – 5,000 | पहाड़ी/जनजातीय – 3,000
- ✓ भवन: ग्राम पंचायत द्वारा उपलब्ध | Rent-free accommodation for ANM
- ✓ Fund: भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित (Centrally Sponsored)

### A. SC का Staff (कर्मचारी):

| पद (Post) | संख्या | कार्य (Functions) |
|---|---|---|
| ANM (Auxiliary Nurse Midwife) | 1 (+ 1 Additional ANM under NHM) | प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएँ, ANC, PNC, Immunization, Home Visit |

| | | |
|---|---|---|
| MPW-Male (Multi-Purpose Worker) | 1 | Sanitation, Vector control, IEC, Community mobilization |
| ASHA (Accredited Social Health Activist) | 1 per 1000 population | Community link worker, Referral, Awareness |

**B. SC के कार्य (Functions of Sub Centre):**

| **सेवा का प्रकार** | **विवरण** |
|---|---|
| Maternal Health | ANC (Antenatal Care), Safe Delivery, PNC (Postnatal Care), Family Planning |
| Child Health | Immunization, Growth Monitoring, IMNCI, ORS/Zinc for diarrhoea, Vit A |
| Preventive Services | Malaria blood slide, TB sputum collection, Leprosy detection |
| Health Education | IEC activities, Home Visit, BCC, Community awareness |
| Record Keeping | Family Register, Immunization Register, ANC Register, MCH Register |
| Referral | High-risk cases को PHC/CHC refer करना |
| VHSNC | Village Health, Sanitation & Nutrition Committee meetings |
| Drug Kit | Essential medicines- ORS, Iron tablets, Contraceptives, Chloroquine |

**C. SC में उपलब्ध उपकरण और दवाएँ:**

- Drug Kit A & B – ORS, Iron & Folic Acid, Chloroquine, Contraceptives, TT
- Equipment – BP apparatus, Stethoscope, Weighing machine, Thermometer
- ILR (Ice Lined Refrigerator) – Vaccine storage at 2-8°C
- Cold Box / Vaccine Carrier – Field immunization के लिए
- MCH Register, Family Register, Stock Register
- Referral Slip – PHC को refer करते समय

## 3. प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का संगठन (Organization of PHC)

**PHC – परिचय :**

- ✓ First Contact Curative Institution – पहली बार इलाज मिलने की जगह
- ✓ Population Norm: मैदानी – 30,000 | पहाड़ी/जनजातीय – 20,000
- ✓ भारत में पहला PHC: 1952 – Community Development Programme के तहत
- ✓ Bhore Committee (1946) ने PHC की सिफारिश की थी
- ✓ PHC में 1 Medical Officer (MO) + Paramedical staff होता है

**A. PHC का Staff:**

| **पद (Post)** | **संख्या** | **कार्य** |
|---|---|---|
| Medical Officer (MO) | 1 | OPD, Indoor patients, Supervision of staff, MCH |